मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-435
02/09/2021

# मुख्यमंत्री के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना' से संबंधित प्रस्तुतीकरण

**मुख्यमंत्री के निर्देश :–**

- सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए स्थलों के चयन को लेकर सर्वे ठीक से कर लें, सभी स्थलों का चयन एक ही साथ कर लें।
- सोलर स्ट्रीट लाईट को लगाए जाने के क्रम में स्थल चयन इस प्रकार हो कि कोई इस योजना से वंचित न रहे।
- हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ सोलर स्ट्रीट लाईट लगाना ही नहीं है बल्कि उसका ठीक तरह से रख–रखाव करना भी है।
- 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसा का कार्यान्वयन ठीक ढंग से हो, इसकी राशि का पंचायतों में योजनाबद्ध तरीके से उपयोग करें।

पटना, 02 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में पंचायतीराज विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना' से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया।

पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने प्रस्तुतीकरण के द्वारा 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना' से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इसके लक्ष्य, अधिष्ठापन हेतु स्थलों का चयन, रख–रखाव, वित्तीय प्रबंधन आदि के संबंध में जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के कार्यान्वयन के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने इसकी राशि के उपयोग को लेकर प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

प्रस्तुतीकरण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेक पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाए जाने को लेकर योजना बनायी गई है। सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए स्थलों के चयन को लेकर सर्वे ठीक से कर लें। सभी स्थलों का चयन एक ही साथ कर लें। सोलर स्ट्रीट लाईट को लगाए जाने के क्रम में स्थल चयन इस प्रकार हो कि कोई इस योजना से वंचित न रहे। पंचायत सरकार भवन के दोनों इंट्री प्वाइंट, अस्पतालों सहित अन्य जरुरी जगहों को ध्यान में रखते हुए स्थल का चयन करें। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ सोलर स्ट्रीट लाईट लगाना ही नहीं है बल्कि उसका ठीक से रख–रखाव भी करना है। उन्होंने कहा कि यह हमेशा फंक्शनल रहे इसके लिए मेंटेनेंस जरुरी है। सोलर स्ट्रीट लाईट के रख रखाव का प्रावधान जरुर करें। सोलर स्ट्रीट लाईट की ज्यादा संख्या में जरूरत होगी इसको ध्यान में रखते हुये बिहार में ही इसके निर्माण इकाई लगाने की दिशा में काम करें, इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा का कार्यान्वयन ठीक ढंग से हो, इसकी राशि का पंचायतों में योजनाबद्ध तरीके से उपयोग करें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे, जबकि वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, पंचायतीराज मंत्री श्री सम्राट चौधरी, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, पंचायतीराज विभाग के निदेशक डॉ0 रंजीत कुमार सिंह, ब्रेडा के निदेशक श्री आलोक कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी जुड़े हुए थे।

******